### कार्य प्रारंभ होने के पूर्व निकाली रेत की राशि, लगा रहे क्रेशर डस्ट

# जनपद परिसर में बन रहा स्टोर रूम भी नहीं है भ्रष्टाचार से अछूता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया जनपद की मुख्यालय ग्राम पंचायत तामिया के सचिव जो रसूखदार एवं ऊंची पहुंच के चलते तामिया पंचायत का अतिरिक्त प्रभार हथियाए हुए हैं। इनके रसूख के आगे ऐसा लगता है कि अधीकारी असहाय है क्योंकि इनके पंचायत चलाए जाने की कार्य प्रणाली साफ जाहिर करती है कि इन्हें किसी का भय नहीं है जिसके कई प्रत्यक्ष उदाहरण है। ग्राम पंचायत की मासिक बैठक जो पंचायत अधिनियम के तहत प्रतिमाह होनी चाहिए, वह केवल राष्ट्रीय पर्व पर ही हो पाती है तो समझा जा सकता है कि पंचायत से संबंधित विकास की योजना कैसे बनती होगी। इनके रसूख का एक जीता जागता उदाहरण है पंचायत द्वारा अनावश्यक रूप है जनपद पंचायत परिसर में स्टोर रूम का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसमें व्यापक पैमाने पर निर्माण के शुरुआत में भ्रष्टाचार किया जा रहा है जो कालम खड़े करने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं वह मापदंड के एकदम विपरीत हैं, साथ ही कालम खड़े करने के पहले जो लोहा बिछाया जाता है। वह लोहा तो केवल नाम मात्र का लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं निर्माण कार्य शुरू होने के पहले रेत का भुगतान निकाल लिया गया जो पंचायत पोर्टल पर देखा जा सकता है। बावजूद कांक्रीट कार्य में रेत की बजाए क्रेशर डष्ट लगाई जा रही है तो समझा जा सकता है कि पंचायत सचिव का कितना रसूख है कि जनपद पंचायत परिसर में हो रहा निर्माण कार्य भी भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। स्टोर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के नये आयाम सचिव के द्वारा स्थापित किये जा रहे है, वहीं कलेक्टर हर मीटिंग में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर नसीहत देते रहते हैं, लेकिन तामिया पंचायत में शायद उनकी नसीहत कोई मायने नहीं रखती। स्टोर निर्माण में हो रहा भ्रष्टाचार एवं घटिया निर्माण तो यही प्रदर्शित करता है।

वहीं तकनीकी अमला भी सचिव के रसूख से विचलित ही नजर आ रहा है तो समझा जा सकता है। जनपद कार्यालय के जनपद के बाजू में हो रहे निर्माण कार्य स्थल पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। कारण जो भी हो इस तरह तामियां ग्राम पंचायत में इस समय निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार का सूचकांक उच्च स्तर पर स्थिर है।

# आबकारी टीम ने की अवैध शराब के अड्डों पर कार्यवाही



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा प्रातः के समय वृत्त प्रभारी श्री कैलाशचंद्र चौहान के नेतृत्व में सर्वप्रथम ग्राम पुलपुलडोह में डैम एवं जंगल के किनारे एवं पानी के अन्दर प्लास्टिक की पन्नियों और प्लास्टिक की कैनन में भरकर छुपाकर रखे गए महुआ लाहन और झाड़ियों के भीतर से भी महुआ लाहन बरामद कर खोलकर विधिवत नष्ट किया गया। इसी स्थान पर चालू मिली भट्टियों को तोड़कर नष्ट किया गया। साथ ही मौके से बरामद महुआ निर्मित हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई । इसके बाद ग्राम रंगीन खापा में जंगल के अंदर प्लास्टिक ड्रमों और पन्नियों में रखे महुआ लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में कुल 08 प्रकरण दर्ज कर 4200 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 40 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री कैलाशचंद्र चौहान, सुश्री भारती गोंड, आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री अर्चना घोरमारे, श्री आकाश मेश्राम, श्री जीतसिंह धुर्वे, श्री अनिकेत पटेल सहित आबकारी अमला उपस्थित था।

# जनसुनवाई : कलेक्टर ने सुनी 177 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 177 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पीएम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम सिंगोड़ी के श्री चंद्रसिंह चौरे ने भूमि का सीमांकन करने, ग्राम करलाखुर्द की श्रीमती रमला ने अतिवृष्टि से मक्का फसल नष्ट हो जाने पर मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम चावलपानी की श्रीमती जानकीबाई सागरे ने कृषि भूमि का पट्टा दिलाने और श्री मोतीलाल साहू ने रोजगार गारण्टी में अपना नाम जोड़ने व जॉब कार्ड दिलाने, ग्राम सिहोरामाल की श्रीमती कृष्णाबाई बट्टी ने किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम थावड़ीकला के श्री सोहन ने गरीबीरेखा का कार्ड बनाने व वृध्दापेंशन दिलाने, परासिया के श्री कपिल यादव ने अपनी माता की मृत्यु के बाद उनकी पी.एफ. की राशि दिलाने, ग्राम खिड़कीकनेरी के श्री सपलेश तुमड़ाम ने एक वर्ष के लिये संयुक्त बालक छात्रावास में प्रवेश दिलाने एवं छिंदवाड़ा नगर के सिवनी प्राणमोती महात्मागांधी वार्ड क्रमांक-16 के वार्डवासियों ने पेयजल समस्या का निवारण करने, नगर के पुराना छापाखाना के श्री भानु प्रसाद मालवी ने अपनी पैतृक भूमि पर हक दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, प्रभारी एडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती श्रीमती अंकिता त्रिपाठी व एसडीएम श्री सुधीर जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

## आयुष विभाग की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न, औषधालय सेवक का सेवा सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** जिला आयुष अधिकारी डॉ.प्रियंका उइके की अध्यक्षता में गत दिवस जिला आयुष कार्यालय में आयुष विभाग की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के साथ समय पर औषधालय खुलने बंद करने, सभी अधिकारी/कर्मचारी को अपने गणवेश में रहने, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भरे जाने वाले 16 रजिस्टरों के संधारण व सी बैक फॉर्म को समय पर भरने के निर्देश दिये गये। बैठक में 21 जून 2025 को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए पूर्व तैयारियां जैसे सार्वजनिक स्थानों पार्कों, खेल के मैदानों, स्कूलों में योग शिविर लगाने के लिये भी निर्देशित किया गया। देवारण्य योजना के अंतर्गत जिले में अश्ववगंधा की खेती करने के लिए कृषकों को प्रेरित करने के लिए कहा गया। साथ ही लिवर को सुरक्षित रखने के उपाय एवं लिवर के खराब होने की पहचान एवं उससे होने वाली हानियों की जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे लीवर को स्वस्थ रखा जा सके। इसके बाद शासकीय औषधालय कोपरावाड़ी में पदस्थ औषधालय सेवक श्री सुरेश चौरे का सेवा सम्मान समारोह ऑफिस स्टाफ के द्वारा किया गया।

# वाहनों की नहीं हो रही जांच, परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली उजागर

### ग्रामीण क्षेत्रों पर नहीं है कोई ध्यान, कभी भी हो सकती दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर सहित अंचल में सड़कों पर दौड़ रहे पुराने व कंडम वाहनों से निकलने वाले धुएं से हवा तेजी से जहरीली हो रही है। वहीं दूसरी तरफ वाहनों में लगे प्रेशर हानं लोगों सेहत बिगाड़ रहे हैं। हालत यह है, कि इस ओर न तो जिला परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है और न ही यातायात पुलिस।

इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है, कि बीते आठ माह में यातायात पुलिस के द्वारा प्रदूषण के मामलों में चुनिदा मामलों में ही कार्यवाही की गई है। जबकि जिले के अंदरूनी मार्गों पर 100 से ज्यादा टाइमिंग पर बसों का संचालन होता है। इसके अलावा बिना परमिट के अंदरूनी मार्गों पर दर्जनों मिनी बस बेधड़क चल रही हैं। मोहखेड मार्ग पर काला धुंआ छोड़ती हुई एक बस को देखा गया। जोकि लिंगा से मोहखेड़ की ओर काला धुआं छोड़ते हुए चली जा रही थी। मोहखेड़ ही नहीं बल्कि जिले के हर एक ग्रामीण मार्ग पर ऐसी बसों को देखा जा सकता है।

बिछुआ. चांद, मोहखेड़ परासिया, तामिया बटका अमरवाड़ा सहित अन्य अंदरूनी मार्गों में ऐसी दर्जनों बसों को देखा जा सकता है। जिनके पास फिटनेस सर्टिफिकेट तक मौजूद नहीं है। इसके बाद भी संचालकों द्वारा बेखौफ होकर बसे का संचालन किया जा रहा है।बिना जांच किए ही जारी कर देते हैं सर्टिफिकेटवाहन की बिना जांच किए ही फर्जी सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे है। शहर में आरटीओ कार्यालय में लेटिन के चलते वाहनों की जांच किए बिना ही प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किया जा रख है। बता दें कि अगर पॉल्यूशन सर्टिफिकेट नहीं होता है तो वाहन को स्वस्थता प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सकता है, लेकिन अब पॉल्यूशन सेंटर परिवहन विभाग के नियम कानूनो को हुए में उड़ा रहे है। धुए का गुबार फेंकते वाहनों को भी पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी कर रहे हैं। परिवहन विभाग जांच में भी औपचारिकता निभाता है। विभागीय टीम द्वारा मुख्य सड़कों पर खड़े होकर कार्यवाही की जाती है। यही टीम कभी ग्रामीण मार्ग पर पहुंचती ही नहीं है। अगर टीम ग्रामीण मार्गों पर पहुंचकर गांव अभियान चलाए तो हकीकत सबके सामने होगी।

## जैन समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**परसिया :-** श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर चांदामेटा में सकल दिगंबर जैन समाज की नई कार्यकारिणी का गठन समाज के समस्त प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा सर्वसम्मति से किया गया एवं पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात नई कार्यकारिणी बनी । जिसमें सर्व समिति से लक्ष्मी चंद जैन अध्यक्ष , प्रकाश जैन ( पिक्की ) , अंशुल जैन उपाध्यक्ष , देवेंद्र जैन सचिव , मुकेश काले , प्रकाश जैन सहसचिव , मौसम जैन को कोषाअध्यक्ष ,राहुल जैन सह कोषाअध्यक्ष , संजय जैन (मामा) महामंत्री , राजेश जैन , मनोज जैन , सहमहामंत्री , मनीष जैन (पिट्ठी) , वीरा जैन , उज्जवल प्रचार मंत्री बनाए गए ।। इस नई समिति से अपेक्षा की गई कि मंदिर में जो कार्य बाकी है उसे पूरा करेंगे । इस नव नियुक्त पदाधिकारीयों को समस्त जैन समाज के सुनील जैन , सुभाष जैन , पवन जैन , विमल जैन , संतोष जैन , धर्मेंद्र जैन , विनोद जैन , श्रीपाल जैन , हरीश जैन , वीरेंद्र जैन , अरविंद जैन , मनीष जैन , नीरज जैन , पंकज जैन , पारस जैन , निर्मल जैन , मोनू जैन , आलोक जैन , इत्यादि ने बधाई दी एवं समाज के हित में हर संभव प्रयासरत रहेंगे ऐसी अपेक्षा नए पदाधिकारी से की गई ।



# जिले के किसानों को नहीं मिल पाये मिट्टी परीक्षण कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के किसान आधुनिक तरीके से खेती कर सकें इसलिये उनके खेतों की मिट्टी के बारे में उन्हे पूरी जानकारी होनी चाहिये, ताकि वे उसके अनुसार खाद, बीज और अन्य आवश्यक कदम उठा सकें । जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले के अधिकांश विकासखण्डों और ग्रामों में किसानों को मिट्टी परीक्षण कार्ड बनाकर वितरित नहीं किये गये हैं, किसान के खेतों में मिट्टी के नमूने तक नहीं लिये गये हैं, प्रत्येक तीन वर्षो में किसानो के खेतों की मिट्टी परीक्षण कर कार्ड कृषि विभाग द्वारा बनाकर प्रदान किये जाते हैं लेकिन जिले में एक जाना जरूरी है । मात्र औपचारिकता पूरी करने जन प्रतिनिधियों के कार्यक्रमों में कुछ गिने-चुने किसानों को यह कार्ड दिये जाते हैं, कार्ड बनाने और कार्ड वितरण में बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ी की जांच की जानी चाहिये और लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जावे । किसानों के पास मिट्टी परीक्षण कार्ड उपलब्ध नहीं होने से उन्हे उनकी भूमि की किस्म और उर्वरा शक्ति की जानकारी प्राप्त नहीं होती है, इससे किसानों के खेतों में लगने वाले खाद बीज के चयन करने में किसानों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है । किसानों के खेतों के मिट्टी के नमूने लिये जाकर नये स्तर से मिट्टी परीक्षण कार्ड बनवाकर, वितरित करवाने एवं कार्ड वितरण में हुई बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ी की जांच कर लापरवाहों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु जिला किसान कांग्रेस की ओर से कलेक्टर एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग को ज्ञापन प्रेषित किया है ।

### ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री संजय बामने के नेतृत्व में आज विकासखंड जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत बिलावरखुर्द में नवांकुर संस्था पंख सामाजिक विकास संस्थान की उपाध्यक्ष आर्या गुप्ता द्वारा जल को सहजने एवं जल बचाने के लिए ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित किया गया, जिसमें ग्राम में निर्मित तालाब की ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान कर साफ-सफाई की गई एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया । साथ ही शपथ ग्रहण कर जल बचाने का संदेश और जल ही जीवन है उसका अनुभव भी कराया गया। इस प्रकार जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# नौतपा की तपती दोपहर में पदयात्रा कर ग्रामीणों के बीच पहुंचे सांसद

### तीन दिवसीय पदयात्रा के अंतिम दिन ताल खमरा में हुआ पदयात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद ने पदयात्रा कर ग्रामीणों दी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी छिन्दवाड़ा। पदयात्रा के तीसरे दिन नौतपा की तपती दोपहर में "मेरा गांव मेरा सांसद" के नारे को धरातल पर साकार करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी देने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू गांवों में पहुंचे। गांव-गांव में दूरस्थ अंचल में निवासरत हर पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सांसद श्री साहू पदयात्रा पर निकले थे।

सांसद श्री साहू ने तीन दिवसीय पदयात्रा के दौरान गांवों और मंजरे टोलों में पहुंचकर हर ग्रामीण से संपर्क कर जमीनी हकीकत टटोलने का प्रयास किया। जनजाति समाज के लिए गौरव का प्रतीक पीले गमछे को अपने सिर पर बांधकर उन्होंने अपनी तीन दिवसीय पदयात्रा ग्राम ताल खमरा में पूर्ण कीं। पदयात्रा के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री साहू ने जनजातिय समाज के धर्मगुरूओं का शॉल श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। विदित हो कि सांसद ने पदयात्रा के दौरान पहले दिन 28 कि.मी., दूसरे दिन 29 कि.मी. एवं अंतिम दिन 15 कि.मी. की पदयात्रा पूर्ण की। इस दौरान उन्होंने गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया

पदयात्रा के तीसरे दिन नौतपा की तपती दोपहर में जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ अंचल स्थित जंबाकिराणी गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने किसानों से संवाद किया। इस दौरान कार्यक्रम में किसानों ने उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों से प्रश्न पूछकर कृषि से संबंधित समस्याओं का हल जाना। सांसद श्री साहू ने किसानों से उन्नत तकनीक को अपनाकर कृषि उत्पादन बढ़ाने को कहा। साथ ही जैविक तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस अवसर पर पदयात्रा में पैदल चल रहे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं के अलावा कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, तथा बड़ी संख्या में आसपास के गांव के सैंकड़ों कृषकों एवं मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

### सांसद ने रंगमंच के लिए दी राशि

तीन दिवसीय पदयात्रा के समापन के पूर्व मोहगांव किसन के ग्राम उमरघोड पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्रामीणों की मांग पर गांव में रंगमंच के निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए की राशि स्वीकृत की।

# पुलिस ने जब्त किया 37 किलो 200 ग्राम गांजा

**छिंदवाड़ा।** गत दिवस मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खुटिया निवासी सरूप उर्फ स्वरूपमर्सकोले के द्वारा अवैध रूप से अपने खेत में गांजा की खेती कर रहा है, जो सूचना प्राप्त होने पर स्टाफ एवं गवाहों की उपस्थिति में संदेही सरूप उर्फ स्वरूप मर्सकोले को राउण्डअप किया गया और मुखबिर सूचना से अवगत कराकर पूछताछ की गयी, जो संदेही के द्वारा पूछताछ पर स्वयं के खेत अवैध लाभ कमाने के लिये अवैध रूप से गांजे की खेती करना बताया, जो संदेही को साथ में लेकर संदेही के खेत पहुंचे जो खेत का निरीक्षण किया गया, जो मुखबिर की सूचना के अनुसार आरोपी सरूप उर्फ स्वरूप मर्सकोले के खेत में 2 फिट से 4 फिट लंबाई के गांजे के हरे पौधे होना पाये गये, जो गवाहों की उपस्थिति में गांजे के पौधों को उखड़याकर गणना कर नाम तौल किया गया, जो कुल गांजे के करीब 630 की संख्या में छोटे बड़े गांजे के पौधे वजन करीब 37 किलो 200 ग्राम पाये गये, जो आरोपी सरूप उर्फ स्वरूप मर्सकोले पिता सुमरलाल मर्सकोले उम्र 50 साल निवासी खुटिया झंझरिया बंधन टोला थाना चांद जिला छिंदवाड़ा से मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया, तथा आरोपी का कृत्य धारा 8,20 **NDIPS** एक्ट का परित करना पाये जाने से अपराध क्रमांक 285/2025 पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण में लगातार अवैध गांजा पर कार्यवाही के संबंध में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अजय पाण्डे के द्वारा जिला के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अपराधी की धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया है एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आयुष गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री राजेश बंजारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक महेन्द्र भगत के नेतृत्व में चांद पुलिस स्टाफ के साथ आरोपी की तलाश पतासाजी कर आरोपी सरूप उर्फ स्वरूप मर्सकोले पिता सुमरलाल मर्सकोले उम्र 50 साल निवासी खुटिया झंझरिया बंधन टोला थाना चांद जिला छिंदवाड़ा के खेत से गांजे के करीब 630 की संख्या में छोटे बड़े गांजे के पौधे वजन करीब 37 किलो 200 ग्राम को जप्त कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। **गिरफ्तारी आरोपी :-** सरूप उर्फ स्वरूप मर्सकोले पिता सुमरलाल मर्सकोले उम्र 50 साल निवासी खुटिया डांडारिया बंधन टोला थाना चांद जिला छिंदवाड़ाजप्ती माल गांजे के करीब 630 की संख्या में छोटे बड़े गांजे के पौधे वजन करीब 37 किलो 200 ग्राम। इस कार्वाई में पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




### इमलीखेड़ा और चन्दनगांव में चल रहा खेल

# बिना बिल, मनमाने रेट पर शराब बेच रहे ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर के इमलीखेड़ा और चन्दनगांव में स्थित शराब दुकान के ठेकेदारों की मनमानी पूरी तरह आबकारी विभाग पर हावी है। नियमों को दरकिनार कर ठेकेदारों ने शराब दुकानों पर ना तो रेट लिस्ट लगाई है। और ना ही चेतावनी केशराब का जमकर किया जा रहा है प्रचार-प्रसार इमलीखेड़ा और चन्दनगांव में स्थित शराब की दुकान पर प्रचार प्रसार के लिए सड़क के समीप बड़े ग्लोसाइन बोर्ड लगाए गए हैं। जबकि यह नियमों के विपरीत है।

आबकारी विभाग के अधिकारी इस ओर इसलिए भी नहीं देखते कि उन्हें शिकायत का इंतजार रहता है।



कोई शिकायत नहीं करे तो वह स्वयं संज्ञान नहीं लेंगे। जहां चेतावनी से जयादा विज्ञापन के बोर्ड लोगों को आकर्षित करने के लिए लगाए गए हैं। शराब ठेकेदार द्वारा इमलीखेड़ा की मुख्य मार्ग पर बड़ा सा फेलक्स लगाकर जमकर शराब का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस प्रचार प्रसार के बोर्ड से किसी दिन बड़ी अनहोनी में तब्दील न हो जाए।

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बीते दो वर्ष पूर्व शराब दुकान के समीप चलने वाले अहाते को प्रतिबंधित कर दिया था। जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के सेवन से दूर रखने का था। लेकिन जिले में शासन के मंशा के विपरीत कार्य किया जा रहा है।

पूरे जिले की हर शराब दुकान में अवैध रूप से अहातों का संचालन बेधड़क रूप से किया जा रहा है। लेकिन आबकारी अधिकारियों अनदेखी के कारण शराब ठेकेदारों के हौसले बुलंद है। आबकारी अधिनियम के तहत बनाये गए हर नियमों को दरकिनार कर शराब दुकानों का संचालन क्या जा रहा है।

## जल संरक्षण के लिये दिलाई गई शपथ

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक श्री दीपक गेडाम के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड बिछुआ के सेक्टर धनेगांव के ग्राम चौरापठार में ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी और जल स्त्रोतों की स्वच्छता व गहरीकरण के कार्य में सहयोग किया गया । मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के छात्र महेशलाल और परामर्शदाता श्री योगेश बोपचे द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित साजपानी**
तहसील चौरई जिला छिन्दवाड़ा (पंजीयन क्रमांक 18, दिनांक 31/10/1966)
क्रमांक / आमसभा /2023/ क्यू                दिनांक 14/05/2025

**-:: विशेष साधारण आमसभा की सूचना :-**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित साजपानी के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आमसभा दिनांक 06.06.2025 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 1:00 बजे कार्यालय भवन सांख में आयोजित की गयी है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। फोरम के अभाव में बैठक आधे घंटे के लिये बजे समिति स्थगित की जाकर पुनः इसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।
विषय सूची निम्नानुसार है :-संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्रामों में से 13 ग्राम शाख, कुकरई, सिरत, सिंगोडी, धमनिया, साजपानी, मंदरिया, कोकीबाहर, धौलपुर हलालकला, हसारखुर्द कोनापिड म्यानी एवं सांव पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या सांख के गठन हेतु संशोधन बाबद विचार।

| क्र. | वर्तमान शब्दावली | संशोधित शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित राजस्व गांव (ग्रामों) पंचायत (तों) में सोसाइटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा। साजपानी (कार्यक्षेत्र के सभी ग्रामों के नाम अंकित करें) सांख, कुकरई सिरत सिंगोडी धमनिया साजपानी, मंदरिया, कोकीवाड़ा धौलपुर हलाल करणं, हलालखुर्द, कोनापिंडरई सुमनी | निम्नलिखित राजस्व गांव (ग्रामों) पंचायत (तों) में सोसाइटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा। सांख, कुकरई, सिरत, सिंगोडी, धमनिया | प्रस्तावित नवीन बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या सांख का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2. संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना (संलग्न) के अनुमोदन बावद विचार।

**श्री मोहम्मद आरिफ कुरैशी (प्रशासक)**                **श्री सूरज सनोडिया (प्रबंधक)**

**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित साजपानी**

### जनता बिजली समस्या से परेशान मंत्री जी टेंट लगा करेंगे बंगले में विश्राम

# प्रदेश में बिजली देने में नाकाम ऊर्जा मंत्री कर रहे ढोंग-उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा शासित प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रदेश में बिजली की समस्या के निराकरण में पूरी तरह नाकाम रहें हैं उनके द्वारा यह धोषणा कि वे पेट्रोल-डीजल की गाड़ी का उपयोग नहीं करेंगे। बंगले में टेंट लगाकर बिना एसी कूलर के सिर्फ पंखे का उपयोग करेंगे ये सब ढोंग करने से ऊर्जा मंत्री अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। एक ओर जहाँ मंत्री जी विभागीय समीक्षा बैठक में बिजली की समस्या के निवारण के लिए क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई की बात करते हैं वहीं दूसरी ओर प्रदूषण व स्वच्छता की आड़ लेकर अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहते हैं। उक्त आशय की जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आवश्यकता से अधिक लोड पड़ने के कारण ट्रांसफार्मर जलने व बार-बार लाइट गुल होने की समस्या ग्रामीण क्षेत्रों में तो रहती है। दुर्भाग्यवश अब यह समस्या शहर में भी विकराल हो रही। वहीं आंधी व बारिश में बिजली आपूर्ति ठप्प होने पर विभाग के अधिकारी व काल सेंटर वाले फोन नहीं उठाते हैं न ही फील्ड में जाकर समस्या का हल करते हैं लो वोल्टेज व अघोषित विद्युत कटौती से जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है ऐसे में ऊर्जा मंत्री जी को सघन दौरा कर बिजली की आपूर्ति को सुचारू बनाने का प्रयास करना चाहिए न कि टेंट लगा कर बंगले में विश्राम करने का ढोंग करना चाहिए।

## कमलनाथ व नकुलनाथ के हस्ते प्राप्त हुए नियुक्ति पत्र



छिंदवाड़ा। कांग्रेस सेवादल में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को माननीय कमलनाथ जी व माननीय नकुलनाथ जी के हस्ते नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की सहमति उपरांत विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई है, जिसमें आशीष पाल को कांग्रेस सेवादल आईटी सेल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पप्पू पाल को कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड का विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक में कांग्रेस सेवादल यंग बिग्रेड अध्यक्ष कुलदीप धुर्वे एवं भाग एक में ही दीपेश पाल को महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं समस्त विधायकगण का हृदय से आभार माना है।

## माहेश्वरी समाज मनाएगा महेश नवमी जयंती, विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

छिंदवाड़ा। माहेश्वरी समाज छिंदवाड़ा के अध्यक्ष डॉ महेश कुमार चांडक एवं सचिव गोपाल राठी ने बताया कि माहेश्वरी समाज छिंदवाड़ा द्वारा आज महेश नवमी पर्व पर 4 जून को स्वर्गीय फतेनारायण राठी स्मृति महेश्वरी भवन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं सुबह भगवान महेश की पूजन उपरांत विशाल वाहन रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होकर निकलेगी जिसमें भगवान महेश की आकर्षक झांकी आम जनता के दर्शनार्थ रहेगी। दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक माहेश्वरी भवन में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया है जिसमें समाज के एवं अन्य सहयोगियों द्वारा ब्लड डोनेशन किया जाएगा तत्पश्चात रात्रि को विभिन्न कार्यक्रम करते हुए सामाजिक बंधुओं का सहभोज होगा माहेश्वरी समाज छिंदवाड़ा सभी से निवेदन करता है कि अधिक से अधिक संख्या में समस्त कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता प्रदान करे।

## मवासी समाज को भी मिले विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा : उईके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश प्रदेश में मवासी समाज को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा दिलाने सहित जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न माँगों को लेकर भोपाल में विधायक सुनील उईके ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री से विधायक श्री उईके ने क्षेत्र की समस्याओं पर विशेष चर्चा कर उन से संबंधित माँगपत्र भी उन्हें सौपें। अपनी इस विशेष मुलाकात में उन्होंने छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में बड़ी संख्या में निवास करने वाले मवाशी समाज को आदिवासी वर्ग के भारिया, बैगा एवं शहरिया समाज की तरह ही विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा दिए जाने की माँग को प्रमुखता से रखते हुए मुख्यमंत्री को बताया कि आदिवासी वर्ग में यह समाज बहुत पिछड़ा है जिससे इस समाज के लोगों का अन्य आदिवासी समाज की तरह विकास नही हो पाया है अगर इन्हें विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान कर इनके लिए भी अलग से विकास की योजना बनाई जाए तो इनका भी जीवन स्तर ऊपर उठ सकेगा जिससे यह समाज अन्य समाजो की तरह ही आगे बढ़ पाएगा।

डब्ल्यू सी एल की क्वार्टरों में निवास करने वालों को मालिकाना हक एवं पट्टे दिलाने के लिए भी सौंपा पत्र इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अपनी चर्चा में विधायक श्री उईके ने कहा की छिन्दवाड़ा जिले के कोयलांचल में पूर्व में डब्ल्यू सी एल की कई कोयला खदानें संचालित थी जिनमे कार्य करने वाले श्रमिक 40 से 50 वर्षों से अधिक समय से यहां कंपनी की क्वार्टरों में निवास कर रहे है साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय गैर कामगार लोग भी कंपनी की जमीन पर अपना निजी मकान बनाकर निवास कर रहे है एवं अपनी छोटी मोटी दुकान चलाकर अपनी गुजर बसर कर रहे है। क्षेत्र की लगभग सभी कोयला खदानें अब बंद हो चुकी है।

## संगठन सृजन अभियान में शामिल हुए कांग्रेस के जनप्रतिनिधिगण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मप्र में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त करने "संगठन सृजन अभियान" का शुभारंभ भोपाल के रवीन्द्र भवन से नेता विपक्ष माननीय राहुल गांधी जी एवं मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी सहित कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में हुआ। कांग्रेस संगठन को नए सिरे से मजबूती प्रदान करने के साथ ही संगठन में नए चेहरों को जोड़ने की दिशा में कार्य किया जावेगा। "संगठन सृजन अभियान" के शुभारंभ के साथ ही संगठनात्मक बैठक में सम्मिलित होने छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण भी बड़ी संख्या में भोपाल पहुंचे। माननीय राहुल गांधी एवं माननीय कमलनाथ जी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई संगठनात्मक बैठकों में उपस्थित होकर जिला कांग्रेस कमेटी की गतिविधियों व आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के शुभारंभ में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे, अशोक तिवारी, जय सक्सेना, पप्पू यादव, रघुवीर मोहने, कमल राय, अजय पटेल, जमील खान, राजेन्द्र यमदे, भगवानदीन यादव, रवि पवार, हेमराज पवार, आनंद राजपूत, आभाष जैन, वासुदेव शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, पर्यवेक्षकगण संगठन सृजन अभियान में सम्मिलित हुए।

## वीतराग भवन शिविर में हो रहा संस्कारों का बीजारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



इन दिनों छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण देश में शिक्षण शिविरों के माध्यम से बालक - बालिकाओं में संस्कारों का बीजारोपण कर जैन दर्शन का क्रमिक अध्ययन कराकर उन्हें अच्छा श्रावक बनाकर भक्त से भगवान बनाने की कला सिखाई जा रही है।छिंदवाड़ा में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा वीतराग भवन में जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविरों के क्रम जारी है। जो आगामी 6 जून तक चलेगा।

फेडरेशन सचिव जैन ने बताया कि शिविर में पूरे देश से 250 से अधिक बाल, युवा एवं प्रौढ़ शिविरार्थी हिस्सा लेकर नैतिक शिक्षा सहित जैन दर्शन का पाठ सीख रहें हैं ।जिन्हें अतिथि विद्वान पंडित विराग शास्त्री जबलपुर, विधानाचार्य पंडित अशोक शास्त्री उज्जैन, बाल शिविर विशेषज्ञ पंडित अशोक शास्त्री मांगुलकर राधोगढ़, विदुषी स्वीटी जैन राधोगढ़, अमनोल शास्त्री राधौगढ़, अमन शास्त्री आरोन, सत्पथ विजेता अचल जैन शास्त्री उज्जैन, इतिहास विशेषज्ञ आयुष शास्त्री उदयपुर, बाल कक्षा विशेषज्ञ ध्रुव शास्त्री ज्ञानोदय भोपाल द्वारा नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही है।जिसमें मंडल के मंत्री अशोक वैभव, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन, सचिन जैन, पाठशाला संचालिका श्रीमती वर्षा पाटनी, आर्या जैन, संस्कृति जैन, इशिता जैन, भावना जैन एवं दिवस शास्त्री अपनी कुशल सेवाएं देकर जिनशासन की मंगल प्रभावना कर रहे हैं।प्रातः 7 बजे श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय गोल गंज में श्री जिनबिंब प्रक्षालन एवं श्री जिनेन्द्र पूजन,8.30 बजे से वीतराग भवन में स्वल्पाहार, 9 बजे से स्वाध्याय भवन एवं वीतराग भवन में कक्षाएं, 10 बजे से सामूहिक कक्षा, दोपहर 3 बजे से आर्ट एवं क्राफ्ट कक्षा, 4 बजे से इतिहासा की विशेष कक्षा, रात्रि 7.30 बजे से श्री जिनेन्द्र भक्ति, 8.30 बजे से विविध कक्षाएं एवं 9.30 बजे से विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

## माया धुर्वे बनी आदिवासी कर्मचारी संगठन की अध्यक्ष

परासिया :- आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन वि. ख. परासिया की नवीन कार्यकारिणी पुर्नगठन में सर्वसम्मति से माया धुर्वे को अध्यक्ष बनाया गया है । कार्यकारिणी के पुनर्गठन मेंअध्यक्ष सुश्री - माया धुर्वे सहित अन्य सदस्यों को मिली परासिया ब्लॉक कार्यकारिणी में नई जिम्मेदारी दी गई है ।अध्यक्षः- सुश्री माया धुर्वे (सामाजिक वानिकी) वन विभाग परासिया कार्यवाहक अध्यक्ष -श्री भादुसिंग कुमरे (डिप्टी रेंजर) परासिया उपाध्यक्ष - श्री देवाराम कुमरे ( प्राथमिक शिक्षक) प्राथमिक शाला इटावाउपाध्यक्ष- श्रीमति रेखा ककोडिया (प्राचार्य ) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला इकलहरा कोषाध्यक्ष - श्री द्वारका प्रसाद भलावी (प्राथमिक शिक्षक) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिधौरा सह कोषाध्यक्ष - श्री महिपाल धुर्वे (उमाशि) शास उच्च माध्यमिक विद्यालय सहपानी महासचिव -1. श्री जगन्नाथ मरकाम (प्रभारी प्राचार्य) शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोहका 2. श्री गुरुदयाल इवनाती (प्रा शि) प्राथमिक शाला बंजारा ढाना3. श्री चंद्रपाल अहाके (प्रा शि) प्राथमिक शाला मैनावाडी4. श्री दिनाजी मरकाम ( प्रा शि)

## अनियंत्रित होकर फिसली बाईक, तीन गंभीर घायल



### सिविल अस्पताल लांजी में चल रहा उपचार

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थानांतर्गत डाबरी चौकी के झकोरदा मार्ग पर बाइक फिसलने से तीन लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें एक निजी वाहन की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया है। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 2 मई की शाम कलम वरकडे, 45 वर्ष निवासी झकोरदा, गोलू टेकाम 25 वर्ष निवासी जयतपुरी, समल टेकाम, 30 वर्ष निवासी जयतपुरी लांजी से अपने गृहग्राम झकोरदा जा रहे थे। तभी डाबरी चौकी के पास चौरिया मार्ग पर बारिश के कारण गीले हुए मार्ग पर उनकी बाईक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे तीनो ही युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना परिजनों को लगने पर उनके द्वारा एक निजी वाहन से 3 मई की सुबह सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया है। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है ग्राम पौसेरा से झकोरदा मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके कारण आये दिन यहां हादसे हो रहे है परंतु शासन-प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि उक्त ग्राम अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत आता है, जिसके कारण यहां पुलिस कर्मियों को भी आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## डॉक्टर की नियुक्ति पर कलेक्टर मीणा का किया आभार




**हरिभूमि न्यूज उकवा।** खनिज नगरी के नाम से विख्यात उकवा नगर में विगत बीस वर्षो से कोई स्थाई चिकित्सक पदस्थ नहीं था,कई बार चिकित्सकों की नियुक्ति हुई पर परन्तु कुछ दिनों बाद उनका तबादला हो गया अथवा पीजी करने बड़े शहर चले गए ,कुल मिलकर इतने बड़े अस्पताल में नियमित रूप से कोई चिकित्सक पदस्थ नहीं रहा,दो दिन पूर्व उकवा में बिजली का करेंट लगने से चिकित्सक के अभाव में एक आदिवासी युवक की असमय मौत हो गई,जिसे न समय पर उपचार मिल पाया न ही बालाघाट लेकर जाने हेतु एंबुलेंस का प्रबंध हो पाया ,जिस कारण सभी ग्राम वासियों में अत्यन्त आक्रोश था, और सभी ने उकवा में एक स्थाई चिकित्सक एवं एंबुलेंस हेतु जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा , और शासन और प्रशासन से गुहार लगाई,जिसे संज्ञान में लेते हुए जिले के संवेदनशील जिला कलेक्टर मृणाल मीना ने इसे बड़ी गंभीरता से लेकर अधिकारियों को तत्काल उकवा में चिकित्सक की नियुक्ति हेतु निर्देशित किया और जिला कलेक्टर के आदेश पर दूसरे दिन ही डॉक्टर दीपक प्रधान को नियमित रूप से उकवा में रहकर सेवा देने हेतु आदेशित किया गया,जिससे पूरे उकवा में हर्ष व्याप्त है,चुकी उकवा से जिला मुख्यालय की दूरी 45 किलोमीटर दूर होने के कारण अनेक बार उचित उपचार न मिलने के कारण लोगों की जान तक चली जाती है,अब चिकित्सक की नियमित रहने से लोगों को पूरे समय समुचित स्वास्थ लाभ मिल सकेगा,साथ ही बारिश के दिनों में होने वाली मौसमी बीमारियों ,सर्प दंश,रेबीज आदि का उपचार भी ग्राम में ही संभव हो सकेगा,इस अनुकरणीय पहल हेतु आज ग्राम के युवाओं ने जिला कलेक्टर मृणाल मीना के नाम एक आभार पत्र उकवा के नायब तहसीलदार टी एल धुर्वे को प्रदान कर पूरे नगर की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित किया ,साथ ही खंड चिकित्सा अधिकारी वरुण परतें का भी श्वेत्रीय जनता ने आभार व्यक्त किया , और भविष्य में भी जन हितैषी कार्यों में सहयोग की अपेक्षा रखी है,आज तहसील कार्यालय में उकवा के जागरूक युवा जेम्स बारीक,जय शंकर यादव,संतोष सोनी,तरुण रावल,नितिन कुमार,निशार पांडे,संदीप गजभिए,सिद्धार्थ खोबरागड़े,जलज दूध मोगरा, ऋतिक साहू,पवन राणा,अमन गौतम ,मुकेश दीप,नवीन सलामें,जतिन चिलके,अनमोल,आदि ने उपस्थिति प्रदान कर कलेक्टर बालाघाट,नायब तहसीलदार उकवा,खंड चिकित्सा अधिकारी परसवाड़ा,थाना प्रभारी रूपझर आदि का आभार प्रकट किया।

### कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने सीएमओ को दिया आदेश

## न्यू विवेकानंद कॉलोनी के कालोनाईजर व भूमालिक के खिलाफ एफआईआर के आदेश



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 4 में बनी न्यू विवेकानंद कालोनी के रहवासियों द्वारा की जा रही लगातार शिकायत के बाद आखिरकार कलेक्टर बालाघाट के निर्देश पर एसडीएम राजीव रंजन पांडे ने नगरपालिका परिषद वारासिवनी की मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डेहरिया को पत्र लिखकर कालोनाईजरों के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए हैं। नगर के वार्ड नम्बर 3 की अवंती नगर कालोनी के बाद यह दूसरी कालोनी है, जिसके कालोनाईजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के आदेश कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम वारासिवनी द्वारा दिया गया हैं।

**किए गए सभी वादों से मुकर गए बिल्डर व कालोनाईजरः** न्यू विवेकानंद कालोनी निवासी के एल सोनवाने ने बताया कि वारासिवनी निवासी बिल्डर व कालोनाईजरों प्रबल मिश्रा व जीतू नगपुरे ने उनसे व कालोनी में रहने वाले अन्य लोगों से लुभावने व झूठे वादे कर उन्हें भूमि बेची और उस पर मकान भी बनाकर दिया। लेकिन उनके द्वारा रहवासियों को कालोनी में सभी मूलभूत सुविधाएँ सडक़, नाली, पानी, बिजली आदि देने का वादा कर उससे मुकर गए हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को प्लाट बेचने और फिर उस प्लाट पर मकान बनाकर देने के बाद से सिर्फ सीमेंट कांक्रीट सडक़, नाली व बोर से पानी उपलब्ध करवाया और फिर गायब हो गए।

**कालोनीवासियों द्वारा सुविधाओं की मॉग करने पर अब फोन भी नहीं उठाते कालोनाईजरः** उन्होंने बताया कि न्यू विवेकानंद कालोनी के रहवासियों द्वारा बार-बार उनसे सुविधाएँ दिलवाने की मॉग करने के बावजूद उनके द्वारा कालोनीवासियों को आज तक स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं दिलाया गया हैं, उन्हें विद्युत मंडल से टी सी कनेक्शन लेकर अपने-अपने घरों को रोशन करना पड़ रहा हैं, जिसके लिए उन्हें भारी भरकम बिल की राशि भुगतान करनी पड़ती हैं।

**दूसरे की भूमि पर आने-जाने का मार्ग पर दिखाकर किया गुमराहः** उन्होंने बताया कि बिल्डर व कालोनाईजर प्रबल मिश्रा व जीतू नगपुरे द्वारा कालोनीवासियों को झूठे सपने दिखाकर उनके साथ धोखाधड़ी की गई। प्लाट बेचने व मकान बना कर देने के दौरान बिल्डर व कालोनाईजर ने कालोनी के नक्शे में वारासिवनी-बालाघाट मुख्य मार्ग तक आने-जाने के लिए जिस स्थान से सडक़ दिखाई थी। वास्तव में वह जमीन कालोनाईजर व बिल्डर की थी ही नहीं। कुछ समय बाद जिस व्यक्ति की वह जमीन थी, उस व्यक्ति ने वहॉ पर कालोनी का निर्माण करने के लिए प्लाटिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया और जहॉ से कालोनीवासियों का आना-जाना था, उस मार्ग पर दीवार खड़ी कर दी। जिससे कालोनी के रहवासियों का आने-जाने का मार्ग बंद हो गया।

**पानी सप्लाई का बोर भी बेच दिया प्लाट सहितः** जब कालोनीवासियों ने इसकी शिकायत कलेक्टर बालाघाट की जनसुनवाई में की, तो कालोनाईजर व बिल्डर की एक और नई कारस्तानी उनके सामने खुलकर आ गई। कालोनीवासियों को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए कालोनाईजर ने जो बोर करवा कर कनेक्शन दिया था, वह बोर उसने प्लाट सहित किसी और व्यक्ति को बेच दिया था और उसकी जानकारी कालोनीवासियों को नहीं दी।

**शिकायत करने पर प्लाट धारक ने बोर का मीटर निकलवा दियाः** कलेक्टर को शिकायत करने के बाद जब कालोनाईजर ने प्लाट धारक के साथ मिलकर शिकायतकर्ताओं पर दबाव बनाने की गरज से बोर से विद्युत कनेक्शन कटवा दिया, तब जाकर कालोनीवासियों को पता चला कि कालोनाईजर ने बोर भी बेच दिया हैं और जिस व्यक्ति ने बोर सहित प्लाट खरीदा हैं, उसने कालोनीवासियों को बोर से पानी देने से इंकार कर दिया हैं। इतना ही नहीं 12 नवम्बर 24 को उसके द्वारा विद्युत मंडल के माध्यम से बिजली का मीटर भी निकलवा दिया गया। इस मामले को लेकर कालोनीवासियों ने जनसुनवाई में कलेक्टर बालाघाट को शिकायत की थी, तब उसके द्वारा आनन फानन में दूसरे स्थान पर बोर खुदवा कर दिया गया।

**कलेक्टर ने जून 24 में अवैध घोषित कर दिया कालोनी को, लेकिन एफआईआर नहीं करवाई हैः** यहॉ उल्लेखनीय हैं कि इस न्यू विवेकानंद कालोनी को कलेक्टर बालाघाट द्वारा 14 जून 24 में ही अवैध घोषित कर दिया गया हैं और यहॉ के प्लॉट खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई हैं। लेकिन आज तक कालोनाईजर व बिल्डर के खिलाफ पुलिस थाने में एफ आई आर दर्ज नहीं करवाई गई हैं। इस मामले में कलेक्टर बालाघाट ने कालोनीवासियों को पुलिस थाने में एफ आई आर लिखवाने के निर्देश दिए थे।

**कालोनीवासियों ने पुलिस थाने में दिया हैं एफआईआर के लिए आवेदनः** कलेक्टर के निर्देश के बाद कालोनीवासियों ने कालोनाईजर प्रबल मिश्रा व जीतू नगपुरे के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने के लिए पुलिस थाने में 11 नवम्बर को आवेदन दिया हैं। किंतु पुलिस ने भी अभी तक इस मामले में कालोनाईजरों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज नहीं की हैं।

इसके बाद कालोनीवासियों ने एक बार फिर 27 मई 25 को कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई में शिकायत कर कालोनाईजर व बिल्डर प्रबल मिश्रा व जीतू नगपुरे के खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाने व सुविधाएँ दिलवाने के लिए अनुरोध किया गया था।

### कार्यवाही के नाम पर सब्जी विक्रेताओं और किराना व्यापारियों पर गिरती है गाज

# ठेके के बाहर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर नहीं लग पा रही रोक




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** पर्यावरण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक घातक है। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक या पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगाया है। इसका असर क्षेत्र में संचालित शराब दुकानों में नहीं दिख रहा है। साथ ही नगर के विभिन्न हिस्सों में छोटी-बड़ी दुकानों पर पॉलीथिन का भंडारण, बिक्री व उपयोग किया जा रहा है। दुकानों से सिंगल यूज प्लास्टिक में ग्राहकों को सामग्री रखकर दे रहे हैं। सख्ती से कार्रवाई नहीं किये जाने के कारण पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक नहीं लग पा रही है। दूसरी ओर प्रशासन द्वारा शराब की दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने की कोशिशें चल रही हैं, या नहीं किसी को कोई खबर नहीं है, क्योंकि ठेके के बाहर पीने वाले शराबियों द्वारा शराब दुकानों के बाजू में संचालित होने वाले अहातों में बड़ी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक के खेप पड़ी होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। शराब दुकानों के आसपास दुकानदारों द्वारा बेखौफ होकर आसानी से सिंगल यूज प्लास्टिक का क्रय विक्रय किया जा रहा है पर उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है।

**बाजार में आसानी से मिल रहे प्लास्टिक के गिलासः** केन्द्र सरकार ने 1 जुलाई 2022 से ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन इनका उपयोग आज तक नहीं रुक पाया है। ऐसा लग रहा है कि पॉलीथिन अब आबो-हवा के साथ जिम्मेदारों को भी दूषित कर रही है। बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। बाजारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। इसके उपयोग के बाद फेंकने से कचरे में सबसे ज्यादा पॉलीथिन का अंबार दिखता है। इतना ही नहीं प्रशासन व जिम्मेदारों ने बहुतायात में उपयोग होने वाली पॉलीथिन, डिस्पोजल गिलास के उपयोग को कभी रोकने की कोशिश नहीं की। जिससे लोगों में इसके प्रति जागरूकता व डर भी नहीं है।

**सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक कप में परोसी जा हरी चायः** इतना ही नहीं जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यालयों तक में इन प्रतिबंधित कप में ही चाय परोसी जा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की आंखें नहीं खुल रही। ऐसा लग रहा है कि पॉलीथिन अब आबो.हवा के साथ जिम्मेदारों को भी दूषित कर रही है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जब सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की जाती है तो वह सिर्फ किराना व्यवसायियों और सब्जी विक्रेताओं पर ही इसकी गाज गिरती दिखाई देती है परंतु शराब दुकानों के बाजू में नियम विरूद्ध संचालित होने वाले अहातों रोज हजारों की संख्या में बेचे जाने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक पर कोई कार्यवाही नहीं होती।

### इनका कहना है

शराब दुकानों के बाजू में संचालित दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक के बेचे जाने की जानकारी लगातार कई दिनों से हमे प्राप्त हो रही है। परिषद के अधिकारियों कर्मचारियों को नगर की दुकानों और ठेके के बाहर संचालित दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने एवं कार्यवाही के लिये निर्देशित किया जाएगा। साथ ही शराब दुकान संचालकों को भी दुकान के आसपास सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की हिदायत दी जाएगी।

**श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले**
**अध्यक्ष, नगर परिषद लांजी**

**खबर संक्षेप**

## पाथरफोडी में मिला अज्ञात व्यक्ति शव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के पाथरफोडी गांव के पास एक खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सुबह के समय जंगल की तरफ जा रहे लोगों ने शव को देखा और तुरंत कान्हीवाड़ा पुलिस को सूचित किया। कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी प्रीतम सिंह के अनुसार मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वह किस क्षेत्र का निवासी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

# रजिस्टार कार्यालय के सामने पकड़ाया दो करोड़ से अधिक का आईपीएल सट्टा

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा आईपीएल जुआ-सा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ शिकायत मिलने पर जिले के समस्त धाना प्रभारियों को सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा के निर्देशन में एवं सीएसपी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर बावनलर ने अपने थाना स्तर पर टीम गठित की गई।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



थाना प्रभारी कोतवाली को दिनांक 01:06:2025 जरिये मुखिर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कचहरी के अंदर रजिस्ट्रार कार्यालय के सामने दुर्गेश नाम का व्यक्ति पंजाब और मुंबई की टीम पर आईपीएल का मैच खेल रहा है। सूचना पर थाना स्तर पर एक टीम गठित की गई। टीम मुखबिर के बताये पते पर पहुंची जो रात के अंधो में रजिस्टार कार्यालय की दीवार से चिपकवर एक लड़का खड़ा दिखा जिसे हमराही स्टाफ के साथ तलव किया, जिसने अपना नाम दुर्गेश पिता धनीराम कतिया बताया। उसके हाथ में रखे मोबाईल को लेकर चैक किया गया तो उसमें आनलाईन क्रिकेट मैच की आईजी चल रही थी, जिसे थाना कोतवाली लाकर पूछताछ कर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाकर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी कोतवाली ने मामले की गंभीरता को देखते हुये सायवर सेल से मदद लेकर तत्काल एक टीम आरोपी के द्वारा किये गये ऑनलाईन क्रिकेट की लाईन चलाने बाले सिवनी निवासी अंकुश यशवंत कुशवाह निवासी अभिषेक कालोनी कटंगी नाका सिवनी की तलाश पतासाजी हेतु रवाना किया गया। कोतवाली टीम ने नागपुर महाराष्ट्र के संबंधित स्थानों में जाकर लगातार आरोपी अंकुश कुशवाह की तालाश किया जो आरोपी नागपुर में पिंपला रोष्ड चंद्रकांत नगर में एक अपार्टमेंट में मिला।

आरोपी अंकुश कुशवाह ने पूछताछ पर बताया कि वह पिछले 5-6 माह से अपने दोस्तों के साथ पहले पुणे महाराष्ट्र में रहकर आन लाईन क्रिकेट का सहा खिलाते थे जो दिनांक 24 अप्रैल 2025 को थाना हिंजेवाडी जिला एगे महाराष्ट्र ने अंका कसबार सहित कुल 05 आरोपियों से 18 मोबाईल और 04 लेपटाप जब्त कर क्रिकेट सट्टा का केस बनाया था उसके बाद से अंकुश कुशवारा अकेला नागपुर में रहकर ऑनलाईन क्रिकेट मैच खिलाकर लोगों को हार-जीत का खेल खिलाकर अवैध लाभ अर्जित करने का काम कर रहा है।

आरोपी अंकुश कुशवाह के सिवनी की एचडीएफसी बैंक शाखा में दो खाता मिले जिस पर जनवरी 2025 से अभी तक करेंट अकाऊंट में कुल 1,14,78,731/- रुपये (एक करोड चौदह लाख अठहत्तर हजार सात सौ इकतीस रुपये), चालू खाते में 1,03,05,272/- रुपये नकदी रकम 5,200/- रुपये एवं एक डायरी पर 18 मई 2025 से दिनांक 01/06/2025 तक कुल 16,36,964 रुपये (सोलह लाख छत्तीस हजार नौ सौ चौंसठ रुपये) का लेनदेन उजागर हुआ।

आरोपी अंकुश कुशवाह के संबंधित खातों के स्टेटमेंट बैंकों से प्राप्त किये जाकर आगे की पड़ताल की जा रही है। बैंको को पत्र लिखकर आरोपी के खाने फ्रीज कराने की कार्रवाई की गई है। आरोपियों के खाते में नहा ट्रांजेकान आया है जिसकी जाँच पड़ताल की जा रही है। मामले में अन्य किसी लोगों के नाम आयेंगे तो उन पर भी कार्रवाई की जावेगी। गिरफ्तार आरोपी दुर्गेश पिता धनीराम कतिया 21 साल निवासी भगतसिंह चार्ड सिवनी, अंकश पिता यशवंत कशवाह 30 साल निवासी अभिषेक कालोनी कटंगी रोड सिवनी हाल चंद्रकांत नगर पिंपला रोड नागपुर महाराष्ट्र। जामी 01 नग जीवों कंपनी का मोबाईल कीमती 10,000 रुपये, 01 नग वन प्लस मोबाईल कीमती 22,000 रुपये 01 कग ओप्पो कंपनी मोबाईल कीमती 15,000 रुपये एवं नगदी 5,200 रुपये आरोपियों के कब्जे से जब्त एवं आरोपियों के खाते में कुल ट्राजेक्शन राशि 2,17,84,000/-रुपये एवं डाबरी सहित कुल हिसाब 2.44.73,167/- रुपये।

उक्त कार्यवाही मे सराहनीय कार्य उक्त कार्वाई में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर बावनकर, उ.नि. डीआर शरणागत, सायबर सेल से सउनि देवेन्द्र बायसवाल, प्र. आर. योगेश राजपूत, राजेन्द्र बघेल, नवीन तिवारी, आर. अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, अभिषेक डहेरिया, दिलीप उइके, प्रशांत गजभिये, सिध्दार्थ दुबे, राजेन्द्र राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

# ट्रांसफार्मर बंद होने से ग्रामवासी परेशान नल जल योजना पूरी तरह बंद

**प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मैली में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर को बंद हुए लगभग दस दिन हो चुके जिसके कारण ग्राम की नल जल व्यवस्था एवं ग्राम स्तर के छोटे-मोटे कार्यक्रम पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



जिसको लेकर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री शिकायत निवारण केंद्र 181 में शिकायत दर्ज करवाई परंतु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है जिसके बाद ग्राम वासियों ने क्षेत्रीय विधायक से भी इस मामले को संज्ञान में लेने के लिए कहा लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है एवं ग्राम पंचायत स्तर से भी ग्राम वासियों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है ग्रामवासियों द्वारा बताया जा रहा है कि सरपंच द्वारा व्यक्तिगत रूप से टैंकर बुलवाकर अपने इस्तेमाल में ले लेते हैं दूसरी और विद्युत विभाग के कानों में जो तक नहीं रिंग रही है अब देखना यह है कि इतनी भीषण गर्मी में ग्राम वासियों को राहत देने के लिए जिला कलेक्टर किस प्रकार मामले को संज्ञान में लेती है।

# आगामी बकरीद त्योहार के मद्देनजर अनुभाग बरघाट में जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी द्वारा दिये गये आदेश/निर्देशों के पालन में दिनांक 02-03/06/2025 को अनुविभाग बरघाट अंतर्गत थाना बरघाट, अरी, कुरई, चौकी बाद्लपार क्षेत्रांतर्गत अलग अलग ग्रामों में आगामी बकरीद त्योहार के मद्देनजर, जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने ग्रामीणजनों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और सभी को त्योहार को शांतिपूर्वक और भाईचारे के साथ मनाने की हिदायत दी। गांवों में हुई बैठक के दौरान विशेष रूप से गोवंश से संबंधित किसी भी प्रकार के अपराध को रोकने पर जोर दिया गया। और यह स्पष्ट किया गया कि यदि कोई व्यक्ति ऐसे किसी अपराध में लिप्त



पाया जाता है या उसे करने का प्रयास करता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। मान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी द्वारा एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की गई है जिसमें ऐसे किसी भी व्यक्ति को जो गौवंश से संबंधित अपराधों के बारे में गोपनीय सूचना देगा, उसे 5000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना और जनसामान्य में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। यह जनसंवाद कार्यक्रम त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और सांप्रदायिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

दिनांक 03/06/2025 को एसडीएम कार्यालय बरघाट में, संदीप वास्तव एसडीएम बरघाट, ललित गठरे एसडीओपी बरघाट, मोहनीश बैस थाना प्रभारी बरघाट एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें आगामी त्योहारो को लेकर शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु समझाईस दी गई है।अनुभाग बरघाट अंतर्गत थाना बरघाट, कुरई, अरी में अभी तक कुल 177 गौवंश के पूर्व अपराधियों को चिन्हित किया गया है जिन पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी बरघाट एवं कुरई द्वारा आदेशित की गई है जिसका उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्यवाही जावेगी। अनुभाग बरघाट के थाना बरघाट, कुरई, अरी की टीम द्वारा लगातार अलग-अलग स्तर पर सर्चिंग अभियान गौवंश के अपराधियों की धरपकड को लेकर चलाया जा रहा है।

## धारपाठा ग्राम मे एक व्यक्ति का मिला शव

सिवनी जिले के धूमा थाना क्षेत्र में धारपाठा ग्राम के प्रतीक्षालय के पीछे मंगलवार को एक व्यक्ति का शव मिला है। राष्ट्रीय राज्यमार्ग के पास से गुजर रहे लोगों ने शव देखा और धूमा पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान परतापुर निवासी देवी सिंह (35) पिता दयावान सिंह के रूप में हुई है। मृतक के चाचा जवाहरलाल ने बताया कि देवी सिंह की शादी हो चुकी थी और उनके दो बच्चे हैं। वह पिछले एक महीने से घर से लापता थे और परिवार उनकी तलाश कर रहा था।

धूमा थाना प्रभारी शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।

# रेल विकास समिति की बैठक में कई प्रस्ताव हुये पारित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सोमवार को रेल विकास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है की हमारे नवयुवक अध्यक्ष अंचल चौरसिया के मार्गदर्शन में जिला व नगर के विभिन्न वार्डों एवं ग्रामों में समिति का प्रचार प्रसार विस्तार एवं उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए नवयुवकों को सिवनी जिले के संपूर्ण विकास के लिए नवीन रेल मार्गः नवीन रेल एवं उचित रेल व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी को पूर्ण रूप से उन्हें बताने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

जिससे वह नगर वह जिले की इस वृहद समस्या को गंभीरता पूर्वक लेकर विचार कर सकें एवं अपना बहुमूल्य सहयोग देकर जिले व नगर की आवाज के रूप में रेलवे विकास समिति का सहयोग प्रधान करने के लिए तत्पर हो किसी भी स्टार के विकास के लिए युवा शक्ति का सहयोग मिलना अपने आप में कार्य सिद्धि को दर्शाता है आने इस जिला एवं नगर नगर की कई पीढ़ियां उनके इस अभूतपूर्व सहयोग के लिए सदा याद रखेगी।

इस प्रस्ताव को पारित करने के लिए विशेष रूप से रेल विकास समिति के सेवक घनश्याम सनोडिया अध्यक्ष दीपक मेहंदीरता ( पंजाबी) कोषाध्यक्ष संयोजक विनय सराफ प्रेस मीडिया प्रभारी संजय जैन अंचल चौरसिया नवयुवक अध्यक्ष सत्यम सूर्यवंशी (मीडिया प्रभारी) एवं अन्य महत्वपूर्ण सदस्य उपस्थित रहे रेलवे का समिति इन महत्वपूर्ण विषयों में हमेशा गतिमान रही है एवं आने वाले समय में भी रहेगी।

# बंडोल पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी.डी. शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम द्वारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दिनाँक 12.05.2025 को रात करीब 8.00 बजे 100 डायल बंडोल को सूचना मिली कि थाने के पास बंडोल बस्ती में एक किराये के मकान से दुर्गन्ध आ रही है जिसकी सूचना पर थाना बंडोल द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये मौके पर पहुंचकर घर को खुलवाकर देखा गया। जिसमें एक महिला उम्र करीब 30 साल मृत अवस्था में पड़ी थी शव करीब 2-3 दिन पुराना दिख रहा था जिसकी पहचान हेतु परिजनो से संपर्क किया गया जो मृतिका के पिता गुमतलाल इनवाती निवासी बरबसपुर छपारा ने आकर मृतिका की पहचान बेटी सीता बाई पति लक्ष्मण मरकाम निवासी पिंडरई गहरानाला छपारा के रूप में करते हुये दामाद द्वारा लडकी के चरित्र पर शंका व्यक्त करते हुये लड़ाई झगडा मारपीट कर हत्या करने की बात बताया एवं करीब 7 वर्ष पूर्व भी बेटी सीता बाई को दामाद लक्ष्मण द्वारा चरित्र शंका पर जला देने एवं ताना छपारा में हत्या के प्रयास में दामाद लक्ष्मण को जेल जाने की बात बताया। प्रार्थी गुमतलाल पिता मंतराम इनवाती उम्र 58 साल निवासी बरबसपुर थाना छपारा जिला सिवनी कि रिपोर्ट पर आरोपी लक्ष्मण पिता अघनसी मरकाम उम्र 32 साल निवासी ग्राम पिण्डरई गहरानाला थाना छपारा हाल पता सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास ग्राम बंडोल थाना बंडोल द्वारा उसकी पत्नि सीता मरकाम की हत्या कर फरार हो जाने पर आरोपी के विरूध्द हत्या का अपराध क्रं. 235/25 धारा 103(1) BNS कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी सदर की काफी पतासाजी की गई। मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर टीम गठित कर नागपुर रवाना होकर आरोपी लक्ष्मण पिता अघनसी मरकाम उम्र 32 साल निवासी ग्राम पिण्डरई गहरानाला थाना छपारा हाल पता सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास ग्राम बंडोल को घेराबंदी कर युक्ति रुपेण गिरप्तार किया गया जिससे मेमोरेण्ड, जप्ती, कार्यवाही की जाकर विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेजा जाता है।



# धू-धू कर जला ट्रांसफॉर्मर

**सिवनी के कोतवाली थाना क्षेत्र के गिरजा कुंड में रात को एक ट्रांसफॉर्मर के सर्किट बॉक्स में अचानक आग लग गई। जिसके कारण ट्रांसफार्मर का बॉक्स धू-धू कर जल गया। आग लगने के कारण पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।**

प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत विद्युत कंपनी के अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। घटनास्थल आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है, जहां लोगों का आवागमन अधिक रहता है। आसपास कई मकान भी बने हुए हैं। समय पर आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा यह आसपास के मकानों तक फैल सकती थी। ट्रांसफार्मर के बॉक्स से चिंगारियां भी निकलते दिखाई दे रही थी और उसके समीप से वाहन व लोग निकल रहे थे। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस घटना के कारण करीब दो घंटे तक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

## खरीफ सीजन में विदेशी कंपनियों के बीजों की मांग ज्यादा

# मक्का के चार किलो के पैकेट भाव दो हजार रुपए तक, किसानों की डिमांड से पिछले साल की अपेक्षा बढ़े भाव

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

खरीफ सीजन में जिले की मुख्य फसल मक्का के बीज की मांग इस समय बढ़ गई है। सबसे ज्यादा पूछताछ समय देशी कंपनियों के बजाय विदेशी कंपनियों के बीजों की हो रही है। जिनके चार किलों के पैकेट के भाव 1600-2000 रुपए है। इसकी सप्लाई निजी विक्रेताओं के पास आधी हो रही है। फिर भी किसान यहीं बीज लेने के आतुर है। खरीफ सीजन आगामी 15 जून को मानसूनी बारिश के साथ शुरू हो जाएगा।

विक्रेताओं की मानें तो हल्की और भारी जमीन के हिसाब से बाजार में इस समय मक्का बीज की दो वेरायटी सिंगल और डबल क्रास है। जिन्हें देशी



और विदेशी कंपनियां उपलब्ध करा रही है। देशी कंपनियों के बीज 600 रुपए से 1000 रुपए चार किलों के पैकेट में उपलब्ध है तो विदेशी कंपनियां 1600-2000 रुपए चार किलो के पैकेट पर उपलब्ध है। किसानों का झुकाव विदेशी कंपनियों के बीजों की ओर ज्यादा है। इससे इन कंपनियों के बीज पिछले साल की अपेक्षा महंगे बिक रहे हैं।

### खाद को लेक र भी बाजार में मशक्कत

इस समय खरीफ सीजन में किसान खाद के लिए भी मशक्कत कर रहे हैं। सोसाइटी से लेकर निजी विक्रेताओं के पास इसकी मांग ज्यादा है। मार्केटिंग सोसाइटी के पास नगद खाद लेनेवाले किसानों की कतार लग रही है। किसानों ने इसका उठाव भी शुरू कर दिया है।

# जलाशय और मछुआरा विकास का हमारा लक्ष्य

**जलाशय / तालाबों पर स्थानीय मछुआरों का मत्स्याखेट एवं विपणन तथा जल, जलसंपदा की सुरक्षा का अधिकार स्थापित करना। जलाशय में गिरते मत्स्य उत्पादन को देखते हुए मत्स्य बीज संचय की पारदर्शी और जलाशय तथा जलसंपदा के संरक्षण के लिए व्यवस्था बनवाना।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




हर छोटे- बड़े जलस्त्रोतों या जलाशय में कार्यरत मछुआरों के परिवार अथवा सहकारी समिति को प्रमाण पत्र देकर राज्य मत्स्य महासंघ और मत्स्य विकास विभाग द्वारा नाव, जाल, बीज, खाद, गाड़ी, मंडी, प्रशिक्षण की सहायता उपलब्ध करवाना। मत्स्याखेट की सुरक्षा के लिए नदियों को बहता रखना और प्रदूषणमुक्त निर्मल रखने के लिए शासन और समाज के बीच समन्वय बनाना। मछली की प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाना। मछुआरों को मछली पकड़ने की मजदूरी वर्तमान महंगाई के हिसाब से बढ़ाने का आदेश म.प्र. राज्य मत्स्य महासंघ से करवाना। जलाशय में ठेकेदारी से मत्स्याखेट बंद कराना तथा सहकारी समितियां या जलाशय स्तर के फेडरेशन द्वारा मत्स्याखेट और विपणन व्यवस्था सुनिश्चित करना। सहकारी समितियों के माध्यम से मत्स्य आधारित छोटे उद्योग स्थापित करना। जिनका ठेका जारी है वह रद्द किया जाए तथा ठेका समाप्ति के पंद्रह दिन के अंदर पुनः सहकारी पद्धति से मत्स्याखेट कार्य शुरू करवाना।जलाशय स्तर के फेडरेशन या प्राथमिक मछुआरा समिति द्वारा 'म.प्र. राज्य मत्स्य महासंघ' का चुनाव तथा पदाधिकारीयों की नियुक्ती और उनसे कार्य संचालन करवाना।

# रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग में मनेगा गंगा दशहरा

**यह योग भी गंगा स्नान और दान को अक्षय पुण्य देने वाला है। शहर के बैन गंगा नदी मप्राचीन गंगा मंदिर में भक्त उत्साह के साथ गंगा दशहरा मनाएंगे।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रथ्वी पर मां गंगा के अवतरण दिवस को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इस बार गंगा दशहरा 5 जून को है। दशहरा पर्व पर विभिन्न शुभ योग का संयोग बन रहा है। रवि योग सुबह पांच बजकर 22 से दोपहर एक बजकर 56 मिनट तक रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह नौ बजकर 35 मिनट से अगले दिन छह बजकर दस मिनट तक रहेगा। यह योग हर प्रकार के कार्यों की सिद्धि के लिए सर्वोत्तम माना गया है। अमृत सिद्धि योग शुभ मुहूर्त में आता है। इस दिन रात्रि में रहेगा। यह योग भी गंगा स्नान और दान को अक्षय पुण्य देने वाला है।

शहर में लखनवाड़ा बैन गंगा नदी मे स्थित मंदिर प्राचीन गंगा मंदिर में भक्त उत्साह के साथ गंगा दशहरा मनाएंगे। यहां दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बताया कि गंगा दशहरा पर मां गंगा की आकर्षक झांकी सजेगी। सुबह 8 बजे अभिषेक होगा। श्रृंगार के बाद दोपहर 2 बजे मां दिव्य हवन किया जाएगा। राधे राधे संकीर्तन के साथ रात 8 बजे महाआरती होगी। मां को 56 भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरित किया जाएगा। गंगा मंदिर भक्त मंडली ने इसकी पूरी तैयारियां शुरु कर दी हैं। गंगा दशहरा पर यहां भक्तों की भीड़ उमड़ेगी।

# बदल गया नियमः अब 'थ्योरी-इंटरनल' दोनों में पास होना जरूरी, सभी कॉलेज में लागू

**उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरु कर दी है। छात्र-छात्राएं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। इस वर्ष एडमिशन लेने वाले छात्रों को एनुअल एग्जाम में थ्योरी व इंटरनल दोनों में पास होना जरूरी कर दिया है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दोनों में पास होने के लिए न्यूनतम अंक अनिवार्य हैं। थ्योरी में 70 अंकों में न्यूनतम 25 व प्रैक्टिकल में 30 में से 10 अंक न्यूनतम लाना जरूरी रहेगा। यह नई व्यवस्था लागू होने से यूजी फर्स्ट ईयर के छात्रों अब कॉलेज स्तर पर भी पढ़ाई में मेहनत करनी पड़ेगी।

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि पहले ही बीकॉम, बीए, बीएससी जैसे परंपरागत यूजी कोर्स में चार के बजाय सिर्फ विषय में सप्लीमेंट्री देने का निर्णय हो चुका है। उन्होंने बताया कि थ्योरी और इंटरनल दोनों में छात्र-छात्राओं का पास होना जरूरी है। पहले यह नियम कुछ विश्वविद्यालय में लागू था, लेकिन अब यह व्यवस्था सभी कॉलेज में लागू की जा रही है।

**पांच जून को होगा सीट आवंटन**

विभाग ने एडमिशन का शेड्यूल जारी कर किया था। सीट आवंटन पांच जून को किया जाएगा। छात्र ई-प्रवेश मोबाइल एप और पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इस बार एक वर्षीय पीजी में भी प्रवेश मिलेगा। एनसीटीई पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 250 रुपए एवं सामान्य पाठ्यक्रमों के लिए 150 रुपए रखा गया है।

## सेलवा के छात्रों को संदीपनी स्कूल में प्रवेश नहीं मिलने से जुड़ा मामला

# जनसुनवाई में अभिभावकों और छात्रों ने सुनाई पीड़ा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मध्य प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 01 मई से जारी गर्मी की छुट्टियां आगामी 15 जून को समाप्त होगी और इसके साथ ही नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होने के साथ ही सभी कक्षाओं का संचालन शुरू होगा. जिसके चलते 01 जून से सभी स्कूलों में नई कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है. इस प्रवेश प्रक्रिया के बीच बालाघाट जिले की कटंगी तहसील के सेलवा गांव के छात्रों को मुख्यालय के संदीपनी स्कूल (सीएम राइज स्कूल) में प्रवेश नहीं मिलने का मामला गर्माया हुआ है. दरअसल, सरकार ने संदीपनी स्कूल में प्रवेश के लिए गांवों की दूरी के आधार पर एक प्रवेश नीति बनाई है. इस नीति की वजह से सेलवा स्कूल के छात्रों को संदीपनी स्कूल में कक्षा नवमी में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है जबकि सेलवा गांव के बच्चों के पास हाईस्कूल का कोई दूसरा सुलभ विकल्प नहीं है. इस समस्या को लेकर सेलवा गांव के करीब दर्जन भर छात्र अपने अभिभावकों के साथ मंगलवार को बालाघाट कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे. जहां उन्होंने अधिकारियों को एक लिखित आवेदक देकर अपनी समस्या से अवगत करवाया और मौखिक जानकारी भी दी है. पीड़ति छात्रों ने अभिभावकों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर भी अपनी समस्या बताई. अधिकारियों की तरफ से अभिभावकों और छात्रों को शीघ्र ही निराकरण का भरोसा दिया गया है।



संदीपनी स्कूल के प्राचार्य के मुताबिक प्रवेश के लिए जो नीति बनी है उसके अनुसार सेलवा गांव के बच्चों को अभी प्रवेश नहीं दिया जा सकता. पहले स्कूल की पोषक शालाओं के विद्यार्थियों को कक्षा नवमी में प्रवेश दिया जाएगा. जिसके बाद दूरी के आधार के गांवों के बच्चों को प्रवेश मिला. सेलवा गांव की दूरी तहसील मुख्यालय से करीब ढाई किमी के आसपास की है. अगर इस गांव के बच्चों को दूरी के हिसाब से प्रवेश दिया जाता है तो इस गांव के छात्रों को नंबर आने से पहले ही पोषक शालाओं के छात्रों और अन्य गांव के छात्रों से दर्ज संख्या पूरी हो जाएगी और इस गांव के बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पाएगा. प्राचार्य ने बताया कि पोषक शालाओं के विद्यार्थियों को प्रवेश देने के बाद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के 55 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है. यह प्रवेश बैठक व्यवस्था के आधार पर दिया जाएगा. इससे अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाने पर बैठक व्यवस्था नहीं बन पाएगी और वरिष्ट अधिकारियों के निर्देश है कि बैठक व्यवस्था के अनुसार ही छात्रों के प्रवेश लिए जाए. हालांकि वह यह भी कहते है कि संस्था के पास पर्याप्त शिक्षक है केवल बैठक व्यवस्था की ही कमी है. अब शिक्षा विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि वह तत्काल में किसी भी तरह से छात्रों की बैठक व्यवस्था तैयार करवाएं ताकि सेलवा जैसे नजदीक के गांवों को स्कूल में प्रवेश मिल सकें और उनकी पढ़ाई आगे बढ़े अन्यथा इन बच्चों की पढ़ाई छूट जाएगी।

गौरतलब हो कि संदीपनी स्कूल की इमारत का निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है. ठेकेदार को निर्माण के लिए जो समय-सीमा दी गई थी. वह सीमा पूरी हो चुकी है. मगर, निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है. ऐसा माना जा रहा है कि इन इमारत के निर्माण के बाद छात्रों की बैठक व्यवस्था में इजाफा होगा. बहरहाल, अभी मौजूदा वक्त में सेलवा के करीब दर्जनभर से अधिक छात्रों के भविष्य पर संकट की तलवार लटकी हुई है. इन छात्रों को संदीपनी स्कूल में प्रवेश मिलेगा या नहीं यह बड़ा सवाल है और अगर इन बच्चों को प्रवेश नहीं मिलने के कारण पढ़ाई छूटती है तो इसकी जवाबदारी किसकी होगी यह भी सुनिश्चित नहीं है।

## 37 हजार रुपए नकद और दो शराब की बोतलें लूटी

# 4 बदमाशों ने की लूट, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के जाम गांव में रविवार देर रात एक शराब दुकान में लूट हो गई। चार नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल और तलवार के बल पर दुकान से 37 हजार 500 रुपए नकद और दो सिग्नेचर व्हिस्की की बोतलें लूट लीं।

दुकान के हेल्पर राजेश सिंह के मुताबिक, ठेका बंद करते समय लुटेरे घुस आए। उन्होंने हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। लुटेरों ने कैश काउंटर से रुपए और शराब की बोतलें उठाईं। भागते समय उन्होंने बाहर से दुकान का गेट बंद कर दिया।



स्थानीय लोगों की मदद से गेट खोला गया और दुकान मालिक को सूचना दी गई।

घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। फुटेज में एक बदमाश काला नकाब पहने दिख रहा है। बाकी तीन ने सफेद गमछा और रूमाल से मुंह ढंका हुआ है। एडीएसपी विजय डावर ने बताया कि सोमवार को लालबर्रा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### संभागीय कमिश्नर मानसून पूर्व बाढ़ आपदा के संबंध में वीसी के माध्यम से करेंगे समीक्षा

**बालाघाट।** संभागीय कमिश्नर श्री धनंजय सिंह भदौरिया बुधवार को मानसून पूर्व बाढ़ आपदा के संबंध में वीसी के माध्यम से शाम 5:30 बजे समीक्षा करेंगे। समीक्षा में कमिश्नर श्री वर्मा आपदा संवेदनशील क्षेत्रों का आकलन, बाद उन्मुख नदियां, बाढ़ के मुख्य कारण एवं आपातकालीन कार्यवाहियों जैसे विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा सुनिश्चित करेंगे।

### परसवाड़ा एवं लोहारा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में मंगलवार को ग्राम परसवाड़ा और लोहारा में विधिक जागरूकता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने कहा कि पुरूष और स्त्री सिक्के के दो पहलु है तो फिर शिक्षा भी एक समान प्राप्त होनी चाहिए। जिस तरह पुरूष का शैक्षिक जीवन इस समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है उसी प्रकार नारी शिक्षा भी देशहित के लिए आवश्यक है। श्री धुर्वे ने घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं निशुल्क विधिक सहायता योजना योजना की विस्तार से जानकारी ग्रामीणजनों को दी। साथ ही उन्होने दहेज प्रतिषेद्य अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं नषे के दुष्परिणामों के बारे भी उपस्थित ग्रामीणजनों को अवगत कराया।

## एमपीपीसीबी के सहायक यंत्री बोले प्लाट संचालक के विरुद्ध जाएंगे न्यायालय

# स्थानीय रहवासियों के लिए काली राख बनी मुसीबत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर के पाथरवाड़ा रोड़ पर स्थित संत जयराम दास उष्णा प्लांट से निकलने वाली राखी ने फिर से एक बार स्थानीय रहवासियों को जीना मुहाल कर रखा है. स्थानीय रहवासियों ने एमपीपीसीबी यानी मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में इसकी शिकायत की थी. इसी शिकायत के आधार पर मंगलवार की शाम 04 विभाग के सहायक यंत्री संजय वर्मा जांच के लिए कटंगी पहुंचे. जिन्होंने स्थानीय रहवासियों के घरों की जांच कर शिकायत को सहीं पाया है. सहायक यंत्री ने बकायदा एक पंचनामा तैयार किया है. उन्होंने बताया कि अब बोर्ड इस मामले को लेकर प्लांट संचालक के खिलाफ न्यायालय में जाएगा. बता दें कि उष्णा प्लांट के संचालन से स्थानीय रहवासी काफी परेशान है और इस प्लांट को बंद कराने के लिए काफी लंबे समय से विभागीय लड़ाई लड़ रहे है किंतु विभागीय अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने की वजह से यह प्लांट बार-बार बंद होने के बावजूद फिर शुरू हो जाता है. ऐसा होने से आम जन का प्रशासनिक कार्रवाई और न्याय व्यवस्था से विश्वास उठता जा रहा है।



गौरतलब हो कि उष्णा प्लांट को बंद कराने से लेकर इसकी बिजली काटने तक के आदेश जारी हो चुके है परंतु यह आदेश चंद दिनों के लिए ही लागू होते है. शिकायत के बाद अधिकारी प्लांट बंद करवाते है फिर अचानक से प्लांट शुरू कर दिया जाता है. इस प्लांट से निकलने वाले दूषित पानी से किसानों की खेती खराब होने की शिकायतों से लेकर काली राख के उड़ने से स्थानीय लोगों में श्वास संबंधी गंभीर बीमारी होने तक की शिकायतें हुई है. आज भी काली राख लोगों के घरों में उड़कर जा रही है. इन तमाम तरह की परेशानियों की शिकायत स्थानीय रहवासियों ने नगर परिषद सीएमओ, तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर, विधायक, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक की है और प्लांट को बंद कराने की मांग रखी. इसके अलावा एसडीएम न्यायालय में भी प्रकरण चला. एसडीएम कोर्ट ने एक नहीं बल्कि दो बार पुलिस को आदेशित किया कि वह प्लांट को बंद करवाएं लेकिन पुलिस ने साफ कर दिया कि प्लांट को बंद करवाना उनके कार्यक्षेत्र में नहीं है. स्थानीय रहवासी कोरोना काल से पहले मामले को लेकर हाईकोर्ट गए. हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कहा कि वह प्लांट में तमाम जरूरी उपकरण मुहैया करवाए जिससे प्रदूषण ना फैले और स्थानीय रहवासियों को परेशानी ना हो लेकिन बोर्ड भी हाईकोर्ट के आदेश पर अमल नहीं करवा पाया. खैर, नतीजा साफ है आज भी प्लांट से निकलने वाली काली राख हवा में जहर बनकर उड़ रही है और रहवासी परेशान हो रहे है. मंगलवार को जांच करने आए सहायक यंत्री संजय वर्मा ने उष्णा प्लांट के संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय में जाने की बात कहीं है।

### इनका कहना है

स्थानीय रहवासियों की शिकायत के आधार पर आज जांच की गई. जिसमें शिकायत सहीं पाई गई है. प्लांट की काली राख लोगों के घरों में आ रही है. पंचनामा बनाया गया है. न्यायालय में जाने की तैयारी की जाएगी।

**संजय वर्मा,सहायक यंत्री एमपीपीएसबी**

# बिरसा क्षेत्रांतर्गत कचनारी व सालेटेकरी में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकासखंड बिरसा के ग्राम पंचायत कचनारी और सालेटेकरी में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों जनपद सदस्य लक्ष्मी कावरे, कचनारी सरपंच गौरी सैय्याम, सरपंच सालेटेकरी धुरविंन बाई,उपसरपंच कचनारी अन्तराम हरदेश्वर, उपसरपंच सालेटेकरी विष्णु राणा, मंडल अध्यक्ष बिरसा हिरउ पंचतिलक एवम कार्यक्रम में जिला स्तरीय दल के कृषि वैज्ञानिक डॉ अतुल श्रीवास्तव ने किसानों को फसल उत्पादन की उन्नत कृषि तकनीकी और उसमें लगने वाले रोग कीट के नियंत्रण हेतु विस्तार से चर्चा की गई साथ ही प्राकृतिक और जैविक खेती करने को लेकर जानकारी दी। किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग करने और हरी खाद का उपयोग कर भूमि सुधार हेतु समझाया गया। श्री विनय धुर्वे सहायक संचालक कृषि द्वारा खेती की लागत को कम करने पर जोर दिया गया। साथ ही बीज उत्पादन कर बीज बनाने की विस्तार से जानकारी दी गई। नरवाई प्रबंधन हेतु किसानों को प्रोत्साहित करते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को समझाया और किसानों को बीमा करने हेतु कहा गया। मत्स्य विभाग से श्रीमती मीना कोकोटे द्वारा मत्स्य विभाग की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई साथ ही किसानों को समूह बनाकर मत्स्य पालन कर आय के स्रोत बढ़ाने पर जोर दिया गया और कुछ किसानों को मत्स्य पालन हेतु केसीसी का भी वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के डॉ राजेश शेन्डे द्वारा पशु टीकाकरण और पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम की जानकारी किसानों को दी गई। किसानों को पशुपालन विभाग में संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया गया। श्री योगेश वाहने कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी देते हुए मिट्टी परीक्षण के फायदे किसानों को बताए गए, किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर के उपयोग जल संरक्षण और संतुलित जल उपयोग का महत्व बताया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री अनुपमा मरावी ने किसानों को बीज शोधन करके बताया और बीज उपचार करने का तरीका समझाया गया।कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, उपसरपंच और बीजेपी मंडल अध्यक्ष उपस्थित एवम-विभागीय अधिकारी सुश्री दामिनी मेश्राम, श्रीमती पूनम पटले और ग्राम पंचायत के किसानों की उपस्तिथि मे 18 किसानों को सोइल हेल्थ कार्ड वितरण किया गया।



# विधायक पारधी के प्रयासों से कटंगी नगर में सड़क डामरीकरण कार्य प्रारंभ, यातायात व्यवस्था होगी सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/कटंगी।

कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी के सतत प्रयासों से क्षेत्रवासियों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने हेतु कटंगी नगर में सिनेमा चौक से लेकर रेलवे लोहा पुल तक सड़क का पुनः डामरीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य शहर की बेहतर यातायात व्यवस्था और सुगम परिवहन के उद्देश्य से कराया जा रहा है।यातायात को नियंत्रित करने और चौराहों पर ट्रैफिक को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रोटरी (गोलचक्कर) भी बनाए जाएंगे। साथ ही, तेज गति से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु उपयुक्त स्थानों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण भी प्रस्तावित है।



विधायक श्री पारधी का मानना है कि अच्छी सड़कों से न केवल आवागमन आसान होता है, बल्कि इससे समय और ईंधन की भी बचत होती है। आने वाले समय में कटंगी से लालबर्रा रोड के निर्माण कार्य प्रारंभ होते ही मुंडीवाड़ा तक सड़क को चौड़ा किए जाने की योजना है, जिससे नगर में लगने वाले जाम की समस्या से राहत मिलेगी।स्वर्णिम कटंगी की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह एक और ठोस कदम माना जा रहा है, जो विधायक श्री गौरव सिंह पारधी की प्रतिबद्धता और सक्रिय पहल का परिणाम है।

## शाला परिवार सहित विभिन्न संस्थाओं ने किया आत्मीय अभिनंदन

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पंचम हनवत को दी गई भावभीनी बिदाई

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी के प्रधान पाठक पंचम हनवत की सेवानिवृत्ति पर शाला परिवार द्वारा भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन भारत स्काउट गाइड एवं योग प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम वीणा वादिनि मॉ सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना की प्रस्तुति श्याम शर्मा/श्वेता शर्मा संगीत समूह द्वारा दी गई।



तत्पश्चात शाला परिवार की ओर से प्रधान अध्यापक अंजू वासनिक, संतोष वाल्दे, अंजू नगपुरे एवं स्टाफ द्वारा शाल, श्रीफल, पुष्प हार, पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक उपहार भेंट कर शिक्षक पंचम हनवत, उनकी जीवन संगिनी सुनीता हनवत एवं बेटी पारुल हनवत का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय कवि, व्यंग्यकार एवं वरिष्ठ नागरिक मंच मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव अश्क ने पंचम हनवत के सम्पूर्ण जीवन वृत्त पर आधारित अभिनंदन पत्र का वाचन करते हुए उन्हें एक कुशल पर्यावरण रक्षक, श्रेष्ठ गणित शिक्षक एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शक के साथ ही संवेदन शील, जागरूक एवं कर्तव्यनिष्ठ राष्ट्र भक्त बताया। जिन्होंने शिक्षा विभाग में ज्ञान की मशाल जलाते हुए सरकारी राजस्व की भूमि को अतिक्रमण से बचाते हुए खंडहर हो रही टिहली बाई शासकीय विद्यालय की इमारत का जन भागीदारी से जीर्णोद्धार कराया एवं उत्कृष्ट विद्यालय को हरितिमा से युक्त किया साथ ही संस्कार भारती जैसी संस्था के विभाग संयोजक रहकर अनेकों उपलब्धियां हासिल करते हुए विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य बनाया।

# सड़क क्षतिग्रस्त आवाजाही में परेशानी ,दुरस्त करने की रखी मांग

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** पांढरवानी से कटोरी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है। मार्ग से चलने वाले राहगीरो ने सड़क दुरस्त करने की मांग की गई। जानकारी अनुसार यह सड़क लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आती है जो करीब 7 किलोमीटर लम्बी दूरी की है। जो चोरपिंडकेपार और पांढरवानी के मध्य पहाड के ऊपर सड़क जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गई है , जगह जगह डामर की परत उखड कर गिट्टी निकल गई है और गड्डे निर्मित हो गए है जिसके कारण राहगीरो को आवाजाही करने में परेशानी होती है।



मार्ग क्षतिग्रस्त होने से दिक्कत महसूस होती है सावधानी न बरतने पर दुर्घटना होने की अक्सर संभावना बनती है। मार्ग से गुजरने वाले राहगीरो के सुविधा के लिए सड़क दुरस्त करने की जरूरत है । यह मार्ग मिरगपुर से रानी मोहगांव ,पांढरवानी होते हुए चोरपिंडकेपार,कटोरी ,भौरगढ से तहसील मुख्यालय की ओर जाता है तो दूसरी ओर कटंगी की ओर जाता है । अक्सर मार्ग से मुसाफिर अपने गंतव्य की ओर सफर तय करते है लेकिन सड़क पहाड के ऊपर क्षतिग्रस्त होने से दिक्कत महसूस होती है ।राहगीरो ने सड़क दुरस्त करने की मांग की है ।

## जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने किया सम्मानित

# शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए परमेश सिल्हारे हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बालाघाट जिले के युवा शिक्षक परमेश सिल्हारे को 'बालाघाट गौरव सम्मान 2025' से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें जीएसटी कमिश्नर श्री लोकेश लिल्हारे द्वारा प्रदान किया गया।परमेश सिल्हारे सर ने ग्रामीण और सामान्य वर्ग के छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूल जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश दिलवाने का जो कार्य किया है, वह प्रेरणास्पद है। उनके मार्गदर्शन में 15 विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में चयनित हुए हैं, जबकि 15 अन्य विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की कठिन प्रवेश परीक्षा क्वालिफाई की है।उनकी इस सफलता ने न सिर्फ जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि हजारों अभिभावकों और विद्यार्थियों को यह विश्वास भी दिलाया है कि सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट शिक्षा संभव है।शिक्षा के प्रति उनका समर्पण, कठिन परिश्रम और विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की लगन ने उन्हें न केवल एक आदर्श शिक्षक बनाया है, बल्कि वे बालाघाट जिले में एक प्रेरणा-स्त्रोत के रूप में भी उभरे हैं। समारोह में विभिन्न गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उनकी सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।हरिभूमि इस सफलता के लिए परमेश सिल्हारे सर को हार्दिक बधाई देता है और उम्मीद करता है कि वे इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाते रहेंगे।





